# रविवार की दोपहर गुम हुए बालक को कुएं से मृत निकाला

## सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम में लोगों की सूचना पर तुरंत टीम मौके पर पहुंची

**करौली**, (कासं)। जिला मुख्यालय पर गत रविवार को दोपहर के गुम हुए बालक का सोमवार को एक खुले कुएं में शव पडा होने पर उसे रेस्क्यू कर निकालते हुए चिकित्सालय में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम में लोगो द्वारा सूचना दी गई कि मासलपुर गेट के पास बागोर में एक बच्चा कुँए में गिर गया है जिसके बाद सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार नेतृत्व में सिविल डिफेंस कि टीम मौके पर पहुंची करीब 2 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बच्चे को कुँए से बाहर निकल गया इस मौके पर पुलिस प्रशासन एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार ने बताया कि कुँए में करीब 25 फिट तक पानी था अंदर पाइप मोटर और लड़कियों के बड़े-बड़े पेड़ भी थे जिससे रेस्क्यू में बहुत परेशानी आई



कुएं में गिरे बालक की सूचना पर सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार की मौजूदगी में बाहर निकाला।

- गुम हुए बालक को ढूढते हुए कुएं पर जाने पर चप्पल तैरती मिली

मौके पर सिविल डिफेंस टीम के अखलाक अहमद को कुँए में उतारा गया तथा बिलाई कि मदद से बच्चे को बाहर निकाल लिया गया इस इसके बाद उसे राजकीय चिकित्सालय करौली भेजा गया जहां डॉ. ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया मृतक बच्चे का नाम जुनैद बेग पुत्र रफीक बेग निवासी बागोर ढोलीखार का है बालक रविवार से लापता था।

आसपास लोगों के द्वारा तलाशी कि गई मगर कोई पता नहीं चला सोमवार प्रातः लोगो ने कुँए के पास आकर देखा तो कुँए में चप्पल तैरती मिली तथा पास में बीड़ी बनाने के हेतु लाये जाने वाला सामान था जो वह साथ लेकर आया था उसके मिलने से पता चला इस मौके पर सिविल डिफेंस टीम के सदस्य रामावतार, जयदेव, फरमान, भूपेंद्र, बालकृष्ण, बृजभूषण, तरुण आदि मौजूद रहे।

# दौराई-टनकपुर-दौराई नई रेल सेवा का शुभारंभ

**अजमेर**, (कासं)। रेल यात्रियों को सौगात की कड़ी में गाडी संख्या 15091/15092, दौराई-टनकपुर-दौराई नई रेल सेवा का शुभारंभ दिनांक 31 मार्च 2025 को मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार भागीरथ चौधरी द्वारा माननीया विधायक अजमेर (दक्षिण) अनिता भदेल की गरिमामयी उपस्थिति में दौराई स्टेशन पर किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार दौराई स्टेशन पर आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत फूलों से सुसज्जित गाड़ी संख्या 15091 दौराई- टनकपुर को अतिथियों द्वारा मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा सहित अन्य रेल अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन की उपस्थिति में 16.05 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार भागीरथ चौधरी ने अपने उद्बोधन में अजमेर संसदीय क्षेत्र को नई ट्रेन की यह सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार जताया और धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए टनकपुर-दौराई (अजमेर)-टनकपुर सप्ताह में 04 दिन नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। गाडी संख्या 15092, टनकपुर-(दौराई) अजमेर सप्ताह में 04 दिन नई रेलसेवा 30 मार्च से टनकपुर से प्रत्यक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व रविवार को 18.20 बजे रवाना होकर अगले दिन 13.55 बजे दौराई पहुँचेगी।



रेल यात्रियों को सौगात की कड़ी में नई रेल सेवा का शुभारंभ विधायक अजमेर ( दक्षिण ) अनिता भदेल की उपस्थिति में हुआ।

# गोदाम में लगी आग, 20 लाख रुपये का सामान जलकर स्वाहा

- नदबई कृषि मंडी के समीप झाडूं के गोदाम में किन्ही कारण से लगी आग
- आग की लपटे देख लोगों ने मालिक को सूचना दी

**नदबई/भरतपुर**, (कासं)। नदबई कृषि मंडी के समीप स्थित झाडू के गोदाम में अचानक किन्ही कारण के चलते आग लग गई। समीपवर्ती लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, आग ने विकराल रूप ले लिया। बाद में नदबई, भुसावर, उच्चैन व खेडली दमकल की सहायता से करीब तीन घण्टा मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले गोदाम में रखा करीब 20 लाख रुपए का सामान पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी विजेन्दर सिंह व अधिशाषी अधिकारी दीपा यादव ने भी मौके पर जांच पडताल की।

विभागीय सूत्रों की मानें तो नदबई निवासी संतोष मंगल व भुसावर निवासी शीतल कंसल ने कृषि मंडी के समीप किराए की दुकान में झाडू का गोदाम बना रखा। पीडित व्यापारी गोदाम बंद कर अपने घर गए। इसी दौरान अचानक अज्ञात कारण के चलते गोदाम में आग लग गई। गोदाम से आग की लपटें देख, समीपवर्ती लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर नदबई नगर पालिका दमकल की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, आग ने विकराल रूप ले लिया। बाद में खेडली, उच्चैन व भुसावर दमकल की सहायता से करीब तीन घण्टा मशक्कत कर आग पर काबू पाया। लेकिन, इससे पहले गोदाम में रखा करीब 20 लाख का सामान जलकर स्वाहा हो गया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

# दो लोगों पर हमला कर बाड़े में छुपा लेपर्ड

**डूंगरपुर**, (कासं)। धंबोला पंचायत के घाटी मोहल्ले में लेपर्ड के आने से दहशत का माहौल बन गया है। लेपर्ड ने दो लोगों पर हमला किया और पशु बाड़े में जाकर छुप गया। घटना की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहीं, करीब 9 घंटे बाद उदयपुर से आए शूटर ने लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज किया। स्वास्थ्य जांच के बाद वन विभाग लेपर्ड को जंगल में छोड़ेगा। गांव में लेपर्ड आने का पता तब चला जब सोमवार सुबह स्थानीय निवासी हरीश डामोर अपने भूसा घर में भूसा डालने गए थे। इसी दौरान भूसा घर के अंदर बैठे लेपर्ड ने उन पर हमला करने की कोशिश की। हरीश ने तुरंत भूसे का ग-र लेपर्ड पर फेंक दिया और जान बचाकर भाग निकले। उन्होंने तुरंत लोगों को लेपर्ड की सूचना दी। इस दौरान लेपर्ड ने ग्रामीण सुरेश और बंशी पर पंजों से हमला कर दिया।

# घूमर 2025 का भव्य आयोजन किया

**भीलवाड़ा**, (कासं)। कोहिनूर सेवा समिति के तत्वावधान में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर सेठ गजाधर मानसिंह का धर्मशाला में घूमर 2025 का भव्य आयोजन किया गया।

समिति संयोजक कवि रामनिवास रोनी राज ने बताया कि शुभारंभ राजेंद्र सिंह देश प्रेमी की सरस्वती वंदना से हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति चीफ इंजीनियर एस. एस.गंभीर थे। अध्यक्षता ओम प्रकाश सेन (डायरेक्टर ओम कंस्ट्रक्शन) ने की तथा विशिष्ट अतिथि समाज सेवक कैलाश लढ़ा थे। इस अवसर पर नन्ही बालिकाओं की बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुतियों से समूचा सभागार तालिया की गड़गड़ाहट से झूम उठा। रिद्धिमा सोलंकी व प्राची सोलंकी ने "मैंने पायल है खनकाई अब तू आजा ओ हरजाई" नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया, कुमारी दिव्या जैन ने "केसरिया बनडा ओ थारी सूरत प्यारी लागे" प्रस्तुत कर खूब तालिया बटोरी .अर्पिता खोईवाल व अंजलि खोईवाल ने. "गौरी थोड़ा हलवे हलवे चालो कहीं मौच नहीं लग जाए" प्रस्तुत कर खूब वाह वाह लूटी। हंसा नागोरी व रेखा सोलंकी ने "ओ म्हारी घूमर छे नखराली ये माय, घूमर रमवा में जास्यिा" प्रस्तुत किया। उपनगरपुर से आए प्रसिद्ध गीतकार गोपाल टेलर ने' रंग रंगीलो म्हारो राजस्थान आन-बान रो प्यारो राजस्थान' पढकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कवि श्याम सुंदर तिवारी, मनोहर कुमावत व जयप्रकाश खोईवाल ने राजस्थान के परिवेश पर काव्या पाठ किया। उपाध्यक्ष रमेश चौहान ने "बड़ी लंबी जुदाई, चार दिनों का प्यार ओ रब्बा" गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संरक्षक छीतर मल लढ़ा, लायंस क्लब शक्ति की अनिता आर्य, सुलक्षणा शर्मा उपस्थित थे।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 9.70 लाख की ठगी

**डूंगरपुर**, (कासं)। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाली गैंग के 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को गुजरात के राजकोट और वडनगर से पकड़ा है। आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग टीप (डब्बा ट्रेडिंग) के नाम पर 9.70 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी की थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साइबर थानाधिकारी गिरधारीलाल ने बताया कि दिलीप मेघवाल पुत्र धूलेश्वर मेघवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की ऑनलाइन ट्रेडिंग टीप (डिब्बा ट्रेडिंग) से बड़ी कमाई का लालच दिया गया। जिससे वह लालच में आ गया। उसका डिमेट अकाउंट खुलवाया गया और उससे 9.70 लाख रुपए ऑनलाइन ठगी कर ली। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करवाते हुए जांच शुरू कर दी। थानाधिकारी के साथ ही हेड कॉन्स्टेबल मदनलाल, महावीर सिंह, मगन, अभिषेक, साइबर सेल के हेमेंद्र सिंह, चुन्नीलाल की टीम ने तफ्तीश शुरू की। पुलिस ने जिस अकाउंट में पैसे जमा करवाए गए।

# अफीम उपज की खरीद आज से

**भीलवाडा**, (कासं)। राजस्थान के अफीम काश्तकारों द्वारा फसल वर्ष 2024- 25 के दौरान उगाई गई अफीम उपज, जिसमें अफीम गोंद तथा बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस दोनो शामिल है, के खरीद का काम 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने जा रहा है।

उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज.) नरेश बुंदेल ने बताया कि आजादी के बाद से राजस्थान में अफीम की खेती के नियन्त्रण तथा अफीम फसल खरीद का काम भारत सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेन्सी केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा किया जाता रहा है। यह काम केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा जिला अफीम अधिकारी कार्यालयो के अन्तर्गत स्थापित 8 अफीम कृषि प्रभागो भीलवाडा, चित्तौडगढ प्रथम, द्वितीय, तृतीय, झालावाड, कोटा, प्रतापगढ प्रथम एवं द्वितीय के माध्यम से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस साल अफीम फसल खरीद के लिए जिला-बारॉ, भीलवाडा, झालावाड, कोटा में एक-एक, जिला-प्रतापगढ में दो तथा जिला-चित्तौडगढ में तीन अफीम तौल तथा खरीद सेन्टर बनाए गए है। जिसमें लगभग 28 हजार पॉच सौ काश्तकारों से अफीम गोंद उपज तथा लगभग 13 हजार छह सौ. काश्तकारों से बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस उपज की खरीद की जाएगी।

अफीम गोंद खरीद का काम, चित्तौडगढ प्रथम, द्वितीय, तृतीय खण्ड के काश्तकारों से 1 अप्रैल से, प्रतापगढ द्वितीय खण्ड, भीलवाडा के काश्तकारों से 2 अप्रैल से, प्रतापगढ प्रथम तथा झालावाड के काश्तकारों से 3 अप्रैल से शुरू होगा। कोटा प्रभाग के अन्तर्गत, रामगंज मण्डी तहसील के काश्तकारों से अफीम गोंद खरीद का काम 5 अप्रैल से, रामगंजमण्डी केन्द्र पर तथा अन्य सभी काश्तकारों से 12 अप्रैल से छीपाबडोद केन्द्र पर शुरू किया जाएगा।काश्तकारों से बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस उपज की खरीद का काम, झालावाड में 8 अप्रैल चित्तौडगढ द्वितीय खण्ड में 11 अप्रैल से, प्रतापगढ प्रथम खण्ड में 12 अप्रैल से , प्रतापगढ द्वितीय खण्ड में 13 अप्रैल से, चित्तौडगढ प्रथम एवं तृतीय खण्ड में 15 अप्रैल से, भीलवाडा में 16 अप्रैल से शुरू होगा। कोटा प्रभाग के अन्तर्गत, रामगंज मण्डी तहसील के काश्तकारों से बिना चीरा लगा अफीम डोडा अर्थात सीपीएस का काम 6 अप्रैल से, रामगंजमण्डी केन्द्र पर तथा अन्य सभी काश्तकारों से 17 अप्रैल से छीपाबडोद केन्द्र पर शुरू किया जाएगा।

# गणगौर माता की शोभायात्रा को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ा

- सूरौठ कस्बे में रियासत कालीन परंपराओं के साथ निकाली गणगौर माता की सवारी

**सूरौठ** , (कासं)। देश की आजादी से पहले जयपुर रियासत का प्रमुख ठिकाना रहे सूरौठ कस्बे में सोमवार को रियासत कालीन परंपराओं के साथ गणगौर माता की सवारी निकाली गई। बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियों के साथ निकाली गई।

गणगौर माता की शोभायात्रा को देखने के लिए जन सैलाब उमड पडा ,करीब 281 साल पहले जयपुर की तर्ज पर सुरौठ में शुरू किए गए गणगौर मेले में अभी भी रियासत कालीन परंपराओं की झलक दिखाई दी। राजस्थान प्रदेश में जयपुर के बाद सूरौठ में ही बड़े स्तर पर गणगौर माता की शोभा यात्रा निकलती है,शोभायात्रा से पहले राजपूत समाज के लोगों और सर्व समाज के पंच पटेलों ने विधिवत रूप से गणगौर माता की पूजा अर्चना की गणगौर माता की शोभायात्रा शाम करीब 5 बजे रियासत कालीन गढ़, सूरौठ महल से शुरू हुई, गणगौर माता की शोभायात्रा में काफी संख्या में सर्व समाज के पंच पटेल शामिल रहे शोभायात्रा बड़ मंदिर, मुख्य चौराहे, पीएनबी बैंक, स्टेशन रोड, पुलिस चौकी, बाजार एवं बस स्टैंड होती हुई गढ़ एवं सूरौठ महल में पहुंची। शोभायात्रा में सूरौठ सरपंच पिंकेश शर्मा, प्रतिनिधि रामअवतार शर्मा, पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजावत पूर्व सरपंच विशन महावर,उपसरपंच श्यामसुंदर सैनी, दिलीप सिंह राजपूत,वीरेंद्र राजपूत,टीटी शर्मा, गोपाल राजपूत , विश्राम मीणा, नरेंद्र बाबा,रमन शर्मा,अनिल राजपूत, भारत , विशाल, , रमाकांत शर्मा, मंगेश गुप्ता, ठंठीलाल सैनी, विवेक शर्मा, रवि राजपूत, भोला राजपूत,मोहित राजपूत सहित काफी संख्या में सर्व समाज के पंच पटेल और राजपूत समाज के लोग शामिल हुए थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा के नेतृत्व में पुलिस पहरे और पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गणगौर माता की सवारी निकाली गई शोभायात्रा में विष्णु भगवान,शिव पार्वती, लव कुश भगवान, मीन भगवान भगतसिंह, जय जोहार, राधा कृष्ण सहित कई झांकियां निकाली गई आकर्षक झांकियों को और गणगौर माता की सवारी को देखने के लिए लोग मकानों और दुकानों की छतों पर जमा हो गए आकर्षक झांकियों ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। मेले में रियासतकालीन परंपराओं की झलक देखने की मिली।

गणगौर माता की शोभायात्रा का कस्बे में कई स्थानों पर स्वागत किया गया मेले के दौरान यहां गांधी स्मारक मैदान में रहटको एवं मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था की गई। लोगों ने रहरकों में झूलकर दिन भर खूब लुफ्त उठाया। तालाब को जाने वाले मार्ग में अस्थाई दुकान में लगाई गई, जिन पर दिनभर भीड़ रही। मेले में काफी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा, थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा, गजराज सिंह मीना, सहित काफी संख्या में पुलिस कर्मियों ने मेले में व्यवस्थाएं देखी आज मंगलवार शाम को निकलेगी बड़ी गणगौर की सवारी गणगौर मेले के अवसर पर कस्बा सूरौठ में 2 दिन धूमधाम से गणगौर माता की सवारी निकाली जाती है।

1 अप्रैल को भी भव्य तरीके से गणगौर माता की शोभायात्रा निकाली जाएगी जिकड़ी गायन दंगल में कलाकारों ने विभित्र प्रसंगों पर प्रस्तुत की रचनाएं सूरौंठ गणगौर मेले के अवसर पर सीताराम जी के मंदिर के सामने बनाए गए पांडाल में सोमवार को दोपहर जिकड़ी गायन दंगल शुरू किया गया। जिकड़ी गायन दंगल में कलाकारों ने सहित विभिन्न प्रसंगों पर रचनाएं प्रस्तुत की मेला कमेटी के सदस्य नरेंद्र बाबा, जाकिर हुसैन एवं नरेंद्र कौशिक टीपू विजयवर्गीय व विश्राम मीणा ने बताया कि जिकड़ी दंगल में विभिन प्रसंगों पर रचनाएं प्रस्तुत की ।

# श्रीगंगानगर में इस बार गेहूं का बुवाई रकबा ढाई हजार हैक्टेयर कम

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। जिले में गत वर्ष से इस बार करीब ढ ाई हजार हैक्टेयर गेहूं का बुवाई क्षेत्र कम है। ऐसे में उत्पादन भी इस बार बीते वर्ष से कम रहेगा। व्यापारियों की मानें तो इस बार गेहूं के भावों में भी तेजी रहने से एमएसपी से ऊपर के भावों में बिकने के आसार हैं। इस स्थिति में सरकार को भी कम ही गेहूं मिलने की उम्मीद है। श्रीगंगानगर जिले में गत वर्ष 2, 21120 हैक्टेयर गेहूं बुवाई का रकबा था और करीब 12 लाख एमटी गेहूं का उत्पादन हुआ था। इस बार जिले में गेहूं की बुवाई के समय सिंचाई पानी की कमी के चलते बुवाई कम हुई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी किसानों को गेहूं की बजाय कम सिंचाई पानी की मांग वाली फसलों की बुवाई अधिक करने की सलाह दी।

ऐसे में 2, 18556 हैक्टेयर गेहूं का बुवाई हुई और अब उत्पादन भी इस बार 10.91 लाख एमटी के आसपास होने की उम्मीद है, जो कि बीते वर्ष से करीब एक लाख एमटी कम है। व्यापारियों की मानें तो करीब 9 लाख एमटी गेहूं ही मार्केट में आएगा। बाकी गेहूं किसान वर्ष भर उपयोग के लिए घरों में रखेंगे। इस बार दक्षिण भारत के राज्यों से गेहूं की डिमांड अधिक रहेगी। हालांकि इस बार सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2450 रुपए व 100 रुपए बोनस यानि 2550 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, साथ ही श्रीगंगानगर जिले से 5.50 लाख एमटी गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन मांग को देखते हुए इस बार गेहूं के भावों में तेजी रहने की संभावना है। किसानों ने उपलब्ध सिंचाई पानी के आधार पर ही गेहूं की बुवाई की। इस कारण गेहूं का बुवाई रकबा भी बीते वर्ष से करीब ढ ाई हजार हैक्टेयर कम रहा। इंदिरा गांधी नहर परियोजना में एक फरवरी से ही सिंचाई पानी किसानों को नहीं मिल रहा है। ऐसे में आईजीएनपी क्षेत्र में गेहूं की फसल प्रभावित हुई है। मुख्य रूप से सूरतगढ़ व रावला क्षेत्र में करीब 50000 हैक्टेयर में बोई गेहूं की फसल इस बार कमजोर है।

# किशारी के आत्महत्या के मामले में एक आरोपी पकड़ा

**जालोर** , (निसं)। जालोर जिले के आहोर पुलिस ने सोमवार को नाबालिग द्वारा आत्महत्या दुष्प्रेरण प्रकरण में शरीक एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में नाबालिक द्वारा आत्महत्या के मामले में परिजनों द्वारा संदेह हाजिर करने पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मोटाराम अति. पुलिस अधीक्षक जालोर एवं जयराम वृताधिकारी वृत आहोर के सुपरविजन रामप्रतापसिंह निरीक्षक पुलिस थानाधिकारी आहोर के नेतृत्व में पुलिस थाना आहोर के प्रकरण का खुलासा करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में संदिग्ध से पूछताछ व अनुसन्धान से विधि से संघर्षरत किशोर के विरूद्ध प्रथम दृष्टयता प्रमाणित पाया जाने पर पुलिस संरक्षण में लिया गया, विधि से संघर्षरत किशोर से अनुसन्धान कर प्रिसीपल मजिस्ट्रेट जालोर के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह में भेजा गया। इसी क्रम में अग्रीम अनुसन्धान जारी रखते हुए त्वरित कार्यवाही कर अन्य संलिप्त आरोपी खुशाल सोलंकी पुत्र राजेन्द्र कुमार जाति माली उम्र 18 वर्ष 05 माह, निवासी माधोपुरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी खुशाल सोलंकी से अनुसन्धान कर अवकाश कालीन मजिस्ट्रेट जालोर के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण में विस्तृत एवं सभी पहलुओं पर गहनता से अनुसन्धान किया जा रहा है।

संक्षिप्त घटनाः-प्रार्थी बाबु लाल पुत्र पुनमाजी जाति घॉची उम्र 60 वर्ष नि. माधोपुरा ने एक रिपोर्ट थाना उपस्थित होकर इस आशय की पेश की कि मेरे भतीज की नाबालिक पुत्री जिसने घर के कमरे में पंखे के हुक में चुनी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हमको संदेह है कि बाहरी अज्ञात के द्वारा मानसिक प्रताड़ना या दबाव के कारण शारीरिक शोषण के उपरान्त नाबालिग द्वारा यह कदम उठाकर फांसी खाई है। वगैरा रिपोर्ट पर मृतका का पोस्टमार्टम करवाकर दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया गया।

# सनातन नववर्ष, चैत्र नवरात्रि की दी बधाई

**भीलवाड़ा**, (कासं)। शहर विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर सनातन नववर्ष, चैत्र नवरात्रि, चेटीचंड व राजस्थान दिवस की बधाई शुभकामनाएं दी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधायक कोठारी ने महर्षि गौतम जयंती पर आयोजन समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा व विशाल वाहन रैली का बस स्टैंड चौराए पर स्वागत अभिनंदन किया। महर्षि गौतम जयंती की समाजजनों को भावों के साथ बधाई शुभकामनाएं दी। भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस चेटीचण्ड पर पूज्य झूलेलाल मंदिर शाम की सब्जी मंडी में ध्वज पूजा अर्चना व ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होकर सिंधी समाजजनों को बधाई शुभकामनाएं दी। सिंधी समाज ने विधायक अशोक कोठारी का धन्यवाद आभार जताया। जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मेवाड़ के द्वारा आयोजित शपथ विधि एवं पदारोपण समारोह नंदिनी रिसोर्ट में आतिथ्य ग्रहण कर नवनियुक्त कार्यकारिणी व समाज जनों को बधाई शुभकामनाएं दी। विचार परिवार के कैलाश जी भाई साहब के आशीर्वचन व उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के मुख्य आतिथ्य व सासंद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी के विशिष्ट आतिथ्य में भीलवाड़ा नगर निगम सभागार में माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह, माणिक्य रत्न संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। साथ ही हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि व राजस्थान दिवस की हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मन्दिर में पहुंचकर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के दर्शन कर बधाई शुभकामनाएं दी। श्री गौ सेवा मित्र मंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित "सनातन नववर्ष-गौसेवा सहर्ष" कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा के साथ शहर विधायक अशोक कोठारी ने शिरकत की। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा मंचासीन थे। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा उप मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन किया गया। जैन समाज द्वारा सिखवाल भवन में आयोजित स्नेह मिलन में उपस्थित होकर बधाई शुभकामनाएं दी, आयोजकगनों ने विधायक का आभार धन्यवाद व्यक्त किया। राजस्थान दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप सभागार में सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक अशोक कोठारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रतिभा देवठिया, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महंत बनवारी शरण (काठिया बाबा), संत मायाराम, संत राजाराम, संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी मिहिर, पंडित नवीन शर्मा, भाजपा नगर निगम महापौर राकेश पाठक, पूर्व मुख्य सचेतक कालूलाल गुर्जर, लक्ष्मीनारायण डाड, द्वारिका प्रसाद मंगल, भगवान सिंह चौहान, लादूलाल तेली, कन्हैया लाल स्वर्णकार, विनोद झुरानी, सत्यम शर्मा, भूपेंद्र मोगरा, बाबूलाल टाक, अर्पित कोठारी, गजेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सुथार, शंभू वैष्णव, रमेश सभनानी, गजानंद बजाज, हेमनदास भोजवानी, मनीष सबदानी, पार्षद ओम पाराशर, किशोर लखवानी, ओमप्रकाश बच्छ आदि उपस्थित थे।



सनातन नववर्ष, चैत्र नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में गणमान्य नागरिव व प्रतिभावान जनों का स्मान किया।

# ताश के पत्तों पर जुआ खेलते छह आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर**, (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने बालाजी कॉलोनी कस्बा राजगढ में रविवार को मुखबीर की सूचना पर दबिस देकर ताश के पत्तों पर जुआ खेलने के आरोप में छः आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के पत्ते एवं 20070 रूपये नगदी जब्त कर 13 आरपीजीओ के तहत थाने में प्रकरण दर्ज किया है। राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि ओमप्रकाश हैड कास्टेबल मय सुनील कुमार हैड कास्टेबल, जितेन्द्र कास्टेबल, संदीप कुमार कॉस्टेबल, रवि कुमार कॉस्टेबल, कुलदीप कुमार कॉस्टेबल मय सरकारी जीप चालक सतबीर कॉस्टेबल गस्त करते हुए कस्बे के साखू सर्किल पर पहुंचे तो मुखवीर से सूचना मिली कि बालाजी कॉलोनी कस्बा राजगढ के कीकर के पेड के निचे 5-6 व्यक्ति ताश के पतों पर रूपयो का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर उक्त पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक किकर के पेड निचे आम रास्ता पर छः व्यक्ति आमने-सामने बैठे हुए ताश के पत्तो पर जुआ खेलते हुए दिखाई दिये। जिस पर ताश के पत्तो पर जुआ खेल रहे पहले व्यक्ति का नाम पता पुछा तो अपना नाम विरेन्द्र बताया।

# मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की व अमन-चैन की दुआएं मांगी

- त्योहार कि खुशियों में शहर के वजीरपुर दरवाजा समेत कई बाजारों में रंगीन लाइटें व गुब्बारों से सजावट की

**करौली**, (कासं)। करौली में ईद-उल-फितर का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। जिले कि सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय ने नमाज अता की और अमन-चैन कि दुआएं मांगी।

करौली शहर कि मुख्य नमाज अम्बेडकर चैराहे स्थित लोटन पीर ईदगाह में मौलाना तौफीक अहमद ने अता कराई। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमानाराम और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम सहित कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम के अलावा कई कांग्रेस कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। त्योहार कि खुशियों में शहर के वजीरपुर दरवाजा समेत कई बाजारों में रंगीन लाइटें और गुब्बारों से सजावट कि गई। जगह-जगह शीतल पेय और मिठाइयों का वितरण किया गया। खीर और सेवइयों की दावतों का आयोजन हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए कई हिंदू परिवारों ने अपने मुस्लिम भाइयों के घर जाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे दिन एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के मुताबिक शहर में 150 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए। सभी सार्वजनिक स्थानों और मस्जिदों के आसपास पुलिस की निगरानी रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र का दौरा कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। वही सामान्य चिकित्सालय करौली के चिकित्सक नमो मीणा के नेतृत्व मे युवाओ ने लोटनपीर ईदगाह पर नमाज अदा कर लौट रहे मुस्लिम समाज के लोगो पर पुष्प वर्षा कि।